मगध विश्वविद्यालय, बोधगया
**Magadh University, Bodhgaya**

सेवा में,

सभी प्रधानाचार्य महोदय
अंगीभूत एवं सम्बद्धता प्राप्त महाविद्यालय,
तथा परीक्षा केन्द्र चयनित महाविद्यालय/संस्थान
मगध विश्वविद्यालय, बोधगया।

विषयः—परीक्षा केन्द्र चयनित महाविद्यालयो/संस्थानो से परीक्षा उपस्थिति पत्रक (**Attendance+Memo**) संबंधित महाविद्यालयों को हस्तगत कराने हेतु निर्देश।

महाशय,

विश्वविद्यालय के वेबसाईट पर परीक्षाफल प्रकाशनोपरान्त स्नातक द्वितीय खण्ड परीक्षा सत्र:**2022-25** एवं स्नातक **U.G. C.B.C.S. Course 2nd Sem. 2023-27** से संबंधित वैसे परीक्षार्थी जिनके प्रकाशित परीक्षाफल में किसी भी पेपर में **Absent** प्रदर्शित किया गया है, के द्वारा प्रायः अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में शिकायत दर्ज करवायी जा रही है, कि परीक्षा केन्द्र द्वारा उन्हें परीक्षा उपस्थिति पत्रक **(Attendance+ Memo)** उपलब्ध नहीं करवायी जा रही है, जिसके कारण उनके परीक्षाफल का अविलम्ब सुधार में कठिनाईयों उत्पन्न हो रही है।

अतः निर्देशित किया जाता है कि परीक्षाकेन्द्र चयनित महाविद्यालय/संस्थान उपर्युक्त उपस्थिति पत्रक **(Attendance+ Memo)** की एक प्रति जिन महाविद्यालयों का केन्द्र रहा है, संबंधित महाविद्यालय को भी, उपलब्ध करावे ताकि परीक्षार्थियों को असुविधा न हो तथा उनका सफल कार्य निष्पदान सुनिश्चित किया जा सके, क्योंकि इन कार्यो के लिये आवेदन प्रस्तुति हेतु संबंधित महाविद्यालय को ही अधिकृत किया गया है।

माननीय कुलपति महोदय के आदेशानुसार
ह0/—
परीक्षा नियंत्रक
मगध विश्वविद्यालय, बोधगया।
दिनांकः **11/04/2025**

ज्ञापांकः **CEO/703 /2025**

प्रति सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषितः

1. नोडल पदाधिकारी, विश्वविद्यालय के वेबसाईट पर प्रकाशन हेतु।
2. माननीय कुलपति के निजी सचिव, मगध विश्वविद्यालय, बोधगया।
3. संबंधित छात्र—छात्राएँ एवं जन सामान्य।
4. सभी संबंधित व्यक्ति।

11/04/25

परीक्षा नियंत्रक
मगध विश्वविद्यालय, बोधगया

Controller of Examinations
Magadh University
Bodh-Gaya